राज्य में 4508 लाख रुपए से अधिक की 5 बड़ी सीवरेज एवं पेयजल परियोजनाएँ स्वीकृत

चर्चा में क्यों?

6 जून, 2023 को हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ में आयोजित बैठक में राज्य में 4508 लाख रुपए से अधिक की 5 बड़ी सिवरेज एवं पेयजल योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रमुख बिंदु

- जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री ने बताया कि अंबाला शहर में टिंबर मार्केट चौक नज़दीक खेड़ा, आर्य नगर चौक नंदी मोहल्ला से दक्षिण डिस्पोजल तक पुरानी सीवरेज व्यवस्था को सीआईपीपी तकनीक से मजबूत बनाया जाएगा, जिस पर लगभग 1349.31 लाख रुपए की लागत आएगी।
- करनाल शहर के 10 वार्डों में सीवरेज प्रणाली को बदलने का कार्य किया जाएगा, जिसमें 425 आरसीसी के मैन हॉल बनाने के अलावा पानी के कनेक्शन किये जाएंगे। इसके लिये लगभग 12037 मीटर लंबी 200 एमएम की पाईप लाईन डाली जाएगी। इस पर लगभग 691.80 लाख रुपए की राशि खर्च किये जाएंगे।
- करनाल शहर में पेयजल के लिये 14 ट्यूबवेल एवं सबमर्सिबल पंप सेट लगाने और पेयजल एवं सीवरेज के लिये नई पाईप लाईन के कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य पर 759.60 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस प्रकार करनाल शहर में सीवरेज एवं पेयजल योजनाओं पर 1451 लाख रुपए से अधिक की लागत आएगी।
- 'महाग्राम योजना' के तहत हिसार ज़िले के गाँव सीसवाल में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य पर 1167.77 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे। सीसवाल में लोगों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने के लिये पेयजल योजना पर पहले ही कार्य किया जा रहा है।
- कैथल ज़िले के गाँव कौल में सीवरेज लाइन एवं 2.50 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मैन पंपिंग स्टेशन को चालू करने आदि के कार्य पर 540.89 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। इन परियोजनाओं को आगामी माह में शुरू किया जाएगा।
- जनस्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को मेवात रैनीवेल परियोजना को जल्द पूरा करने और पिंजौर व मोरनी क्षेत्र की पेयजल समस्या का तुरंत प्रभाव से निदान करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने रेवाड़ी के रघुनाथपुरा, इब्राहिम बिशनपुर में जलघर का जल्द निर्माण करने के लिये आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के निर्देश भी दिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5-major-sewerage-drinking-water-projects-approved-in-the-state-worth-more-than-rs-4508-lakh